# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया,
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia,

---

## पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के केंद्रीय पुस्तकालय, विभिन्न अध्ययनशालाओं के विभागीय पुस्तकालयों के विभिन्न संकायों के अंतर्गत प्रचलित पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय के विभिन्न सेल एवं अन्य विभागों के लिए भारतीय प्रकाशन, विदेशीय प्रकाशन, विभिन्न संस्थागत/ सोसाइटी/ एन.जी.ओ. प्रकाशन आदि की पाठ्य–पुस्तकों/ शोध ग्रंथों/ संदर्भ ग्रंथों/ पाठ्य–सामग्री/ नियम पुस्तकें आदि के लिए यू.जी.सी., रूसा, विश्व बैंक, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय बजट, विश्वविद्यालय के केंद्रीय बजट एवं अन्य उपलब्ध बजट आदि से वर्ष 2018–21 एवं आगामी वर्षों के लिए क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त क्रय में विक्रेता द्वारा निविदा में दी जाने वाली छूट दर (डिस्काउंट रेट)के आधार पर खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 2000.00 (रुपये दो हजार मात्र) (वापसी योग्य नहीं) मात्र है। निविदा प्रपत्र शर्तों सहित दिनांकः 06.01.2019 से दिनांकः 13.01.2019 तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से यह प्रपत्र प्राप्त नहीं होंगे। सील बंद निविदाएँ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के द्वारा दिनांक १५.१.१९ तक विश्वविद्यालय में प्राप्त की जा सकेगी। लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः **"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21"** अंकित होना चाहिए तथा इसे **कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश** के पते पर भेजा जाना चाहिए।

भवदीय,

(संजय कुमार)
कुलसचिव

## भाग – 1

## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया से नगद रसीद कटवाकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

1.2 पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा को तीन लिफाफा पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है।

(क) लिफाफा "अ" – जमा राशि (सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1")

(ख) लिफाफा "ब" – तकनीकी विवरण (समस्त संलग्नक, निविदा प्रपत्र एवं "ए–2","ए–3")

(ग) लिफाफा "स" – वित्तीय विवरण (दरें) (प्रपत्र "ए–4")

1.3 प्रत्येक लिफाफे के ऊपर स्पष्टतः लिफाफा "अ" /लिफाफा "ब" /लिफाफा "स" अंकित होना चाहिए।

1.4 उपरोक्त तीनों लिफाफों को एक बडे लिफाफे में रखें जिसके ऊपर लिखें–

**"पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21"**

1.5 निविदाएँकुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया , उत्तर प्रदेश के पते पर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक तक विश्वविद्यालय में प्राप्त की जा सकेगी।

1.6 निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांकः (कार्यलयीन समय में) हैं।

1.7 निविदा जमा करने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त किये गये किसी भी प्रपत्र को प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

1.8 यदि निविदा खुलने के दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है अथवा समिति के सदस्य उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो आगामी कार्य दिवस पर उन्हें खोला जायेगा।

1.9 <u>प्रक्रिया–1:</u> सर्वप्रथम <u>लिफाफा "अ"</u> सुरक्षा निधि, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रपत्र "ए–1" का लिफाफा खोला जायेगा।

1.91 लिफाफा "अ" में

प्रपत्र "ए–1" एवं

निविदा प्रपत्र के मूल्य की नगद प्राप्ति रसीद की प्रति एवं सुरक्षा निधि रुपये 200000=00 (रूपये दो लाख मात्र) का बैंक ड्राफ्ट

1.92 बैंक ड्राफ्ट निविदा जारी होने की दिनांक के बाद के (कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के पक्ष में देय) बने होने चाहिए।

1.93 ड्राफ्ट के पीछे **"पुस्तकें क्रय हेतु निविदा वर्ष 2018–21"** लिखा होना चाहिए तथा फर्म की सील होनी चाहिए।

उपरोक्तानुसार सही ड्राफ्ट तथा प्रपत्र "ए–1" मिलने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिय योग्य माना जायेगा। उपरोक्त ड्राफ्ट लिफाफा "अ" में न रख कर अन्य लिफाफे में रखने पर या सही नाम या राशि का ड्राफ्ट न बनाने पर भी निविदा निरस्त मानी जावेगी एवं प्रक्रिया–2 के लिए मान्य नहीं की जावेगी। (संलग्न करें प्रपत्र"ए–1")

1.10 प्रक्रिया–2: तत्पश्चात लिफाफ "ब" तकनीकी लिफाफा खोला जायेगा।

लिफाफे "ब" में

प्रपत्र "ए–2"

प्रपत्र "ए–3" एवं

प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मोहर लगाकर अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर करें।

इस लिफाफे में प्राप्त समस्त दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच की जावेगी तथा समिति की रिपोर्ट के अनुसार जो फर्म समस्त शर्तों को पूर्ण करेगी सिर्फ उन्हें ही प्रक्रिया 3 के योग्य माना जावेगा। (संलग्न करें प्रपत्र "ए–2", "ए–3")

1.11 प्रक्रिया–3 : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा लिफाफा "स"खोला जावेगा। लिफाफे "स" में प्रपत्र "ए–4" रखा जाएगा। (संलग्न करें प्रपत्र "ए–4")

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता द्वारा चालू वित्तीय वर्ष अथवा पिछले दो वित्तीय वर्षों में किसी भी केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कमसे कम रुपये सत्तर लाख मूल्य की छपी हुई पुस्तकों (प्रिन्ट बुक्स) को प्रदाय करने का अनुभव रहा हो। उक्त वर्ष के एकल आदेश की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति तकनीकी लिफाफा 'ब' में संलग्न करें।

2.2 निविदाकर्ता का टर्नओवर का औसत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कम से कम रुपये तीन करोड़ रहा हो। इसकी चार्टर्ड अकाउंटैंट (सी.ए.) द्वारा प्रमाण पत्र एवं आडिटेड बैलेन्स शीट एवं व्यापार तथा लाभ–हानी खाते के सहित तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.3 निविदाकर्तागुडऑफिसकमेटी(GOC) दवारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन का सदस्य हो। इसके प्रमाण की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.4 निविदाकर्ता ने चालू अथवा पिछले दो वित्तीय वर्षों में किसी भी तीन केद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो। उनके आदेशों तथा संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति के प्रमाण पत्रों की प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.5 निविदाकर्ता किसी भी शासकीय संस्थान से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्मको शपथ पत्र रुपये 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। इसे तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.6 आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष का प्रमाण पत्र / विवरण की छाया पति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.7 निविदाकर्ता आयकर स्थायी खाता क्रमांक (PAN) की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.8 निविदाकर्ता का पुस्तक व्यवसाय का भारत में एक स्थायी कार्यालय / शोरूम हो। इस हेतु वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति तकनीकी लिफाफा "ब" में संलग्न करें।

2.9 विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के संबध में कन्वर्शन रेट गुड ऑफिस कमेटी (GOC) के अनुसार आदेश प्रसारित होने के दिन पर निधारित दर को लागू माना जाएगा।

2.10 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न समस्त प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे मान्य नहीं किया जाएगा।

2.11 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जायेगी।

2.12 निविदा समाप्ति के उपरांत उपरोक्त निविदा आपसी सहमति से आगामी वर्षों के लिए निरंतर की जा सकती है।

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 निविदाकर्ता को नवीनतम संस्करण की पुस्तकें क्रयादेश के साथ संलग्न सूचियों के अनुसार तथा निर्धारित वित्तीय सीमा में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय, विभिन्न अध्ययन शालाओं के विभागीय पुस्तकालयों, विश्वविद्यालय केविभिन्नसेल एवं अन्य विभागों जहाँ का आदेश प्रसारित किया गया हो में सुरक्षित एवं संरक्षित रूप से प्रदान करनी होगी। फटी हुई, क्षतिग्रस्त पुस्तकें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता द्वारा प्रदान की गयी पुस्तकें यदि नवीन संस्करण की नहीं पायी जाती हैं या फोटोकोपीड पुस्तकें पायी जाती हैं या उनमें किसी भी प्रकार का कोई कॉपीराइट का या अन्य उल्लंघन पाया जाता है जो भविष्य में भी उजागर होता है तो इसकी पूर्ण जवाबदारी निविदाकर्ता की होगी।

3.2 मार्गमें हुई किसी भी प्रकार ही हानि, चोरी, आगजनी, दुर्घटना, प्राकृतिक / आकस्मिक आपदा के कारण या अन्य किसी भी प्रकार से हुई क्षति के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

3.3 निविदाकर्ता पुस्तकों के प्रदाय का परिवहन भाडा, ढुलाई व्यय, सुपुर्दगी व्यय तथा अन्य समस्त व्यय वहन करेंगे। "टू पे" या "वी.पी.पी." बिल्टी द्वारा प्रदाय मान्य नहीं होगा।

3.4 निविदाकर्ता पुस्तकों को प्रदाय करने से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रदान करेंगे जिससे पुस्तको को रखने की व्यवस्था पूर्व में ही की जा सके।

3.5 अधिकतम छूट (डिस्काउंट दर) आधार एवं निविदा की अन्य शर्तों को पूर्ण करने वाले निविदाकर्ता को शपथ पत्ररु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोट्राइज्ड कर विधिवत अनुबंध पत्र संपादित करना होगा।

3.6 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश आवश्यकतानुसार एक मुश्त या पृथक–पृथक दिये जा सकेंगे।

3.7 यदि एक ही डिस्काउंट रेट पर एक से अधिक निविदाकर्ता सफल होते हैं तो समस्त सफल निविदाकर्ताओं का नाम पंजीबद्ध किया जावेगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए समस्त निविदाकर्ता विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार का दावा नहींकरसकेंगे।किस

निविदाकर्ता को कितना क्रय आदेश देना है यह पूर्णतः कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के विवेकाधिकारपरसुरक्षितरहेगा।यहभी संभवहै कि पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

3.8 निविदाकर्ता यदि आदेश में दी गयी अवधि में पुस्तकें / संदर्भ ग्रंथ आदि प्रदाय नहीं कर पाता है तो विश्वविद्यालयअन्य किसी भी विक्रेता से पुस्तकें क्रय करने के लिए स्वतंत्र होगा।

3.9 निविदाकर्ता जो तकनीकी अर्हताएँ पूर्ण करते हैं एवं सफल निविदाकर्ता द्वारा मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने में रुचि रखते हैं वे भी विश्वविद्यालय में अपना नाम रजिस्टर कर सकेंगे जिसमें विश्वविद्यालय के पास मान्य छूट (डिस्काउंट रेट) पर पुस्तकें प्रदान करने के लिए ज्यादा से ज्यादा पुस्तक विक्रेता रजिस्टर हो सकेंगे। इस हेतु रुचि रखने वाले निविदाकर्ता सफल निविदाकर्ता के आदेश प्रसारित होने के 15 दिवस में आवेदन कर सकते है। इसके बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। परन्तु इस प्रकार पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता विश्वविद्यालयसे किसी भी प्रकार का दावानहींकरसकेंगे।किसनिविदाकर्ताकोकितनाक्रयआदेशदेनाहैयहपूर्णतःकुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा। यह भी संभव है कि पंजीबद्ध हुए निविदाकर्ता को कोई भी क्रय आदेश न मिले।

3.10 निविदाकर्ता द्वाराप्रदाय पुस्तकें सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थितिमें निविदाकर्ता का आदेश जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूवना केनिरस्तकिया जासकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृतनिविदाकर्तासेकीजावेगी। ऐसी परिस्थिति मे भुगतान से कटौती का अधिकार कुलपति, जननायक चन्द्रशेखरविश्वविद्यालय, बलिया के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.11 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट मूलतः तीन माह में लौटा दिए जायेंगे।

3.12 स्वीकृत / अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.13 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत / अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार कुलसचिव जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के पास सुरक्षित रहेगा।

3.14 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जायेगी।

3.15 निविदा प्रक्रिया के संबध में किसी भी प्रकार की व्याख्या ***(Intepretation)*** का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति,जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया का निर्णय अंतिम होगा।

3.16 निविदा विषयक विवाद में अन्तिम निर्णय कुलपति, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया का होगा।

3.17 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार बलिया न्यायालय होगा।

3.18 निविदाकर्ता निविदा की समस्त शर्तों का पालन करने के लिए बाध्य एवं उत्तरदायी रहेगा।

**प्रपत्र ए–1**
**( निविदा प्रपत्र राशि एवं सुरक्षा निधि )**

प्रति,

कुलसचिव

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विषयः पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21 निविदा प्रपत्र राशि एवं निधि की राशि बाबत।

महोदय,

उपरोक्तविषयान्तर्गतहमारेद्वारालिफाफा'अ'मेंड्राफ्टसंलग्न है जो कि कुलसचिव, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,बलिया के पक्ष में देय हैं। जिसका विवरण निम्नानुसार है–

(1) सुरक्षा निधि की राशि का ड्राफ्ट 200000.00 (रुपये दो लाख मात्र)

बैंक का नाम

बैंक ड्राफ्ट क्रमांक

बैंक ड्राफ्ट दिनांक

ड्राफ्ट के पीछे लिखा है:–

क–'पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21

ख–फर्म की सील

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**प्रपत्र ए–2**

प्रति,

कुलसचिव

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विषयः पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21 दस्तावेज संलग्न बाबत।

महोदय,

समस्त दस्तावेजों को निम्नानुसार जमा कर दिया गया है। निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ परनिविदाकर्तािद्वाराफर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर कर दिया गया है। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जाए।

| क्र. सं. | विवरण | संलग्नक | |
|---|---|---|---|
| | | हाँ | ना |
| 1 | टेण्डर फार्म प्रपत्र "ए–3" | | |
| 2 | चालू वित्तीय वर्ष अथवा पिछले दो वित्तीय वर्षों में किसी भी केद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में एकल आदेश के अंतर्गत कम से कम रु. सत्तर लाख मूल्य की छपी हुई पुस्तकों (प्रिन्ट बुक्स) को प्रदाय करने का अनुभव होने के एकल आदेश की प्रति | | |
| | एकल आदेश की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति होने के प्रमाणपत्र | | |
| 3 | टर्न ओवर | | |
| (क) | 2017–18 का टर्नओवर प्रमाण पत्र | | |
| | आडिटेड बैलेन्स शीट एवं | | |
| | व्यापार तथा लाभ–हानि खाता | | |
| (ख) | 2016–17 के टर्नओवर का प्रमाण पत्र | | |
| | आडिटेड बैलेन्स शीट एवं | | |
| | व्यापार तथा लाभ–हानि खाता | | |
| (ग) | 2015–16 के टर्नओवर का प्रमाण पत्र | | |
| | आडिटेड बैलेन्स शीट एवं | | |
| | व्यापार तथा लाभ–हानि खाता | | |

**प्रपत्र ए–2**

| क्र सं | | विवरण | संलग्नक | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | | गुड ऑफिस कमेटी GOC द्वारा प्रमाणित बुक सेलर एसोसिएशन कि सदस्यता का प्रमाण पत्र | हाँ | ना |
| 5 | | किसी भी तीन केद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में चालू अथवा पिछले दो वित्तीय वर्षों में पुस्तकों की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति की हो का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| | 1 | केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकें की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| | 2 | केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकें की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| | 3 | केंद्रीय या राज्य विश्वविद्यालय में पुस्तकें की संतुष्टि पूर्ण आपूर्ति का प्रमाणपत्र एवं आदेश की प्रति | | |
| 6 | | ब्लैकलिस्ट न होने का मूल शपथ पत्र रु. 100 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर नोटराइज्ड | | |
| 7 | | आयकर के पिछले तीन एसेस्मेंट वर्ष का प्रमाण पत्र | | |
| | (क) | एसेसमेंट वर्ष 2018–19 | | |
| | (ख) | एसेसमेंट वर्ष 2017–18 | | |
| | (ग) | एसेसमेंट वर्ष 2016–17 | | |
| 8 | | प्रमाण पत्र | | |
| | (क) | पेन *(PAN)* | | |
| | (ख) | मान्य एवं वैध रजिस्ट्रेशन *(Registration)* | | |
| 9 | | विदेशी प्रकाशन की पुस्तकों के प्रदाय के लिए आयात निर्यात का लायसेंस | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**प्रपत्र ए–4**

**(वित्तीय निविदा)**

प्रति,

कुलसचिव

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

विषयः पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21 संस्था की जानकारी बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है–

| क्रं. सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पद्नाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर मोबाईल एवं लेन्डलाईन | |
| 06 | पेन कार्ड नम्बर | |
| 07 | रजिस्ट्रेशन क्रमांक | |

□□□□□□□□□□□

मैं / हम निविदाकर्ता ने उक्त निविदा की भाग "1", "2", "3" में दी समस्त शर्तों को अच्छी तरह से पढ़ औरसमझ लिया है और मुझे/ हमें निविदा की समस्त शर्तें मान्य एवं स्वीकार हैं मैं/ हम प्रमाणित करते हैं कि निविदा की समस्त शर्तों का पालन करते हुए पुस्तकें प्रदाय करने हेतु तैयार है।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

**प्रपत्र ए–4**

**(वित्तीय निविदा)**

पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा वर्ष 2018–21

| क.सं. | विवरण | छपे हुए मूल्य पर दी जाने वाली छूट दर प्रतिशत में (Discount Rate in %) | |
|---|---|---|---|
| | | अंकों में | शब्दों में |
| भारतीय प्रकाशन | पुस्तकें / शोध / संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| 1 | पेपर बांउड | | |
| 2 | हार्ड बाउंड | | |
| विदेशी प्रकाशन | पुस्तकें / शोध / संदर्भ ग्रंथ आदि | | |
| 1 | पेपर बांउड | | |
| 2 | हार्ड बाउंड | | |
| शासकीय / सोसाईटी / इन्स्टीट्यूशनल / एन.जी.ओ. आदि पब्लिकेशन | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रतिनिधि का नाम..........................................

फर्म का नाम..............................................